https://www.mpboardonline.com

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2020–21
## कक्षा–9वीं
## विषय – सामाजिक विज्ञान

**समय – 3 घंटा** **पूर्णांक – 80 अंक**

**निर्देश :–**

i. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
ii. प्रश्न क्रमांक 01 से 04 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का है, प्रश्न 02 से 04 तक प्रत्येक हेतु पाँच अंक निर्धारित है।
iii. प्रश्न क्रमांक 03 से 09 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
iv. प्रश्न क्रमांक 10 से 13 तक लघुत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर लगभग 75 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित है।
v. प्रश्न क्रमांक 14 से 20 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक व 100 शब्द निर्धारित है।
vi. प्रश्न क्रमांक 21 एवं 22 निबंधात्मक श्रेणी में है प्रत्येक के लिए 05 अंक व 150 शब्द निर्धारित है।

**प्र. 1. सही विकल्प चुनिये –** **(5x1=5)**

**(1) कर्क रेखा निम्न में से किस राज्य से गुजरती है?**
(क) उत्तर प्रदेश (ख) कर्नाटक
(ग) मध्यप्रदेश (घ) पंजाब

**(2) हिमालय पर्वत की सबसे ऊंची चोटी है?**
(क) मकालु (ख) माउंट एवरेस्ट
(ग) धौलागिरी (घ) नंदा देवी

**(3) प्राथमिक क्रियाकलापों में निम्न में से क्या शामिल नहीं है?**
(क) कृषि (ख) खनन
(ग) पशुपालन (घ) संचार

**(4) भारत का संविधान किस तिथि से लागू किया गया।**
(क) 26 जनवरी 1950 (ख) 9 दिसम्बर 1946
(ग) 11 दिसम्बर 1947 (घ) 1 जनवरी 1950

**(5) वॉटरलू में नेपोलियन की हार किस सन् में हुई थी।**
(क) 1804 (ख) 1815
(ग) 1916 (घ) 1818

**प्र. 2. रिक्त स्थान भरिये–** **(5x1=5)**

(1) फ्रांसीसी क्रांति का प्रारंभ सन्................ में हुआ था।
(2) भारतीय संविधान के निर्माण से संबंधित प्रारूप समिति के अध्यक्ष...................थे।
(3) नेल्सन मंडेला का संबंध मुख्तया.................. गणराज्य से था।
(4) भारत में हरित क्रांति का जनक........ को माना जाता है।
(5) नर्मदा नदी का उद्‌गम स्थल........... है।

https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

**प्र.3. सही जोड़ी बनाइये :–** (5x1=5)

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (1) भ्रंश घाटी | (a) सन् 2000 |
| (2) तृतीयक क्षेत्र | (b) 1952–57 |
| (3) प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना | (c) व्यापार |
| (4) प्रथम पंचवर्षीय योजना | (d) तापी |
| (5) पहला विश्व युद्ध का प्रारंभ | (e) 1914 |

**प्र.4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द / एक वाक्य में दीजिए।** (5x1=5)

(1) भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी किस द्वीप पर स्थित है?
(2) ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्तया कौन सी बेरोजगारी पायी जाती है?
(3) रंगभेद के खिलाफ संघर्ष किस देश में हुआ था?
(4) नेपोलियन बोनापार्ट ने 1904 में खुद को कहाँ का सम्राट घोषित किया था?
(5) राष्ट्रीय मतदाता दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?

❖ **नोट– प्रश्न क्रमांक 05 से 09 तक अति लघुत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक के लिये 02 अंक व शब्द सीमा 30 शब्द निर्धारित है।**

**प्र.5. दास प्रथा क्या है?** (2)

अथवा

बास्तील के पतन से क्या आशय है?

**प्र.6. रूसी क्रांति का समय स्पष्ट कीजिए।** (2)

अथवा

प्रथम विश्व युद्ध एवं द्वितीय विश्व युद्ध का काल निर्धारित कीजिए।

**प्र.7 गृह युद्ध से क्या तात्पर्य है?** (2)

अथवा

क्रांतिकारी महिला ओलम्प दे गूज का संक्षिप्त जीवन परिचय दीजिए।

**प्र.8. 'लोकतंत्र' को परिभाषित कीजिए।** (2)

अथवा

गणतंत्र से क्या आशय है? भारत कब गणतंत्र बना था?

**प्र.9. प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली क्या कहलाती है?** (2)

अथवा

भारत में मताधिकार के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु कितनी है?

❖ **नोट– प्रश्न क्रमांक 10 से 13 तक लघुत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक के लिये 03 अंक व शब्द सीमा 75 शब्द निर्धारित है।**

**प्र.10. फ्रांस में क्रांति की शुरूआत किन परिस्थितियों में हुई?** (3)

अथवा

समाजवाद क्या है?

**प्र.11. सार्वभौमिक अधिकार क्या है? कुछ प्रमुख मानवाधिकारों का उल्लेख कीजिए।** (3)

अथवा

'डयूमा' के बारे में संक्षेप में वर्णन कीजिए।

https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

**प्र.12. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए।** (3)

1. बांगर और खादर

अथवा

भारत के प्रमुख भू–आकृतिक विभाग कौन से है? किसी एक का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

**प्र.13. पूर्वी घाट एवं पश्चिमी घाट में अंतर स्पष्ट कीजिए।** (3)

अथवा

प्रवाल क्या है? भारत के उन द्वीपों को बताइये जो प्रवाल से निर्मित है।

❖ **नोट– प्रश्न क्रमांक 14 से 20 तक प्रत्येक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न के लिये 04 अंक व शब्द सीमा 100 शब्द निर्धारित है।**

**प्र.14. भारत की भौगोलिक स्थिति का वर्णन करते हुए इसके पड़ोसी देशों के नाम लिखिए।** (4)

अथवा

भारत को उपमहाद्वीप की संज्ञा भी दी जाती है। वर्णन कीजिए।

**प्र.15. भारत के उत्तरी मैदान का वर्णन कीजिए।** (4)

अथवा

हिमालय पर्वत श्रृंखला का वर्णन कीजिए।

**प्र.16 बोल्शेविकों ने अक्टूबर क्रांति के बाद कौन–कौन से प्रमुख परिवर्तन किये?** (4)

अथवा

18 वीं सदी के उत्तरार्ध के फ्रांसीसी समाज की दशा का वर्णन कीजिए।

**प्र.17. डिरेक्ट्री के शासन से क्या अभिप्राय है? यह कहाँ और क्यों लागू किया गया था?** (4)

अथवा

रूस के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक हालात 1905 से पहले कैसे थे?

**प्र.18. भारतीय संविधान की प्रस्तावना के प्रमुख बिंदुओं का वर्णन कीजिए।** (4)

अथवा

संविधान सभा का गठन कैसे हुआ था? संविधान निर्माण की प्रमुख समितियों का वर्णन कीजिए।

**प्र.19. निर्वाचन आयोग के प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए।** (4)

अथवा

"स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान स्वस्थ लोकतंत्र की आधारशिला है।" स्पष्ट कीजिए।

**प्र.20. बेरोजगारी क्या है? बेरोजगारी के विभिन्न प्रकारों को स्पष्ट कीजिए।** (4)

अथवा

व्यवसायिक क्रियाकलापों के विभिन्न प्रकारों का विस्तृत वर्णन कीजिए।

❖ **नोट– प्रश्न क्रं 21 एवं 22 निबंधात्मक प्रकृति है। प्रत्येक के लिये 05 अंक एवं शब्द सीमा लगभग 150 शब्द निर्धारित है।**

**प्र.21. नेपोलियन के उदय को कैसे समझा जा सकता है?** (5)

अथवा

1917 में जार का शासन क्यों खत्म हो गया?

**प्र.22. हिंद महासागर में भारत की केंद्रीय स्थिति से इसे किस प्रकार लाभ प्राप्त हुआ है?** (5)

अथवा

हिमालय पर्वत का भारत के लिये क्या महत्व है?

---000---



https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com